प्रेस विज्ञप्ति **06-01-2020**

बेंगलूरु

आईटीआई ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के तीसरे तिमाही में 919 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया

आईटीआई लिमिटेड(आईटीआई) ने 31 दिसंबर, 2019-20 के तीसरे तिमाही और नौ महीने की समाप्ती पर अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणाम की घोषणा की । कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के तीसरे तिमाही में पीएटी के 168 करोड़ रु. और 919 करोड़ रु. का कुल कारोबार किया । इसके साथ ही, कंपनी की कुल संपत्ति 16 वर्ष के अवधि पश्चात् सकारात्मक हो गई है ।

इस अवसर पर श्री राकेश मोहन अग्रवाल, आईटीआई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि, “यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब हम वित्तीय वर्ष 2020 के तीसरे तिमाही में 168 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ घोषित कर रहें हैं । कई चुनौतियों के बावजूद, आईटीआई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है । कंपनी, निरंतर विकास बनाए रखने का इरादा रखते हुए रणनीतिक क्षेत्रों पर विषेश ध्यान केंद्रित कर रही है । परियोजना के कार्यान्वयन, निर्माण और विपणन की युद्ध कौशल के साथ, आईटीआई ने यह सफलता हासिल की है । हम आईटीआई को आईओटी उत्पादों के निर्माता के रूप में स्थान देने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ करार भी कर रहे हैं । कंपनी के पास आज अच्छे कार्य-आदेश हैं और अब यहाँ से उड़ान भरने की तैयारी है” ।

उन्होंने आगे कहा, "इस तिमाही के दौरान, कंपनी ने परिचालन लागत को कम करने, परिचालन क्षमता को बढ़ाने और उत्पादकता में सुधार के लिए कई उपाय किए हैं । इन उपायों में आधुनिक और उन्नत बुनियादी ढाँचा, उपकरण और प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और विकास पर जोर एवं नवीनीकरण और हमारे कर्मचारियों के कौशल का निरंतर प्रशिक्षण और सुधार शामिल है । आने वाली तिमाहियों में, कंपनी लागत नियंत्रण के क्षेत्र में भी कदम उठाएगी” ।

श्री अग्रवाल ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) को उनके द्वारा दिए गए योगदान और निरंतर समर्थन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की ।